**प्रतिदर्श प्रश्न पत्र**

**2025–2026**

**चित्रकला (केवल प्रश्न–पत्र)**

**कक्षा–10**

विषय कोड–936 संकेतांक–830

समयः 3 घंटे 15 मिनट पूर्णांक–70 अंक

नोटः प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न–पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

निर्देशः

1. अपना अनुक्रमांक दिए गए ड्राइंग शीट के कवर पेज पर स्पष्ट रूप से अंकों एवं शब्दों में लिखिए तथा केन्द्र व्यवस्थापक की हस्ताक्षरयुक्त मुहर प्रत्येक प्रश्न–पत्र पर लगवाकर कक्ष निरीक्षक से सभी पृष्ठों पर स्पष्ट हस्ताक्षर भी कराइये।
2. प्रश्न–पत्र तीन खण्डों में विभक्त है, तीनों खण्डों को हल करना हैं।

## खण्ड–क

**I.** इस खण्ड में आलेखन कला अथवा प्राविधिक कला के प्रत्येक के 20 बहुविकल्पीय प्रश्न है। जिसमें से किसी एक के 20 बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

**II.** आपके द्वारा आलेखन कला अथवा प्राविधिक कला में से जिस भाग का चयन किया गया हो उसे ओ0एम0आर0 शीट पर अवश्य अंकित करें।

## आलेखन कला

निम्नलिखित प्रत्येक बहुविकल्पीय प्रश्न के चार विकल्पों में से एक सही उत्तर चुनिए– 1×20=20 अंक

1. आलेखन कितने प्रकार के होते हैं– 1

(A) एक (B) चार

(C) तीन (D) पाँच

2. निम्न में से कौन सी पेंसिल हार्ड है– 1

(A) 2H (B) 2B

(C) HB (D) इनमें से कोई नहीं

3. दो वर्णों को मिश्रित करने पर प्राप्त वर्ण कहलाता है– 1

(A) प्राथमिक (B) द्वितीयक

(C) तृतीयक (D) इनमें से कोई नहीं

4. रेखा कितने प्रकार की होती हैं– 1

(A) एक (B) चार

(C) दो (D) पाँच

5. लाल रंग में हरा रंग मिलाने से कौन सा रंग बनेगा? 1

(A) पीला (B) नारंगी

(C) भूरा (D) बैंगनी

6. निम्न में से कौन सा प्राथमिक रंग है? 1

(A) हरा (B) नारंगी
(C) लाल (D) बैंगनी

7. कला शब्द किस भाषा का है? 1

(A) हिन्दी (B) संस्कृत
(C) पाली (D) बँगला

8. काला का विरोधी रंग कौन सा है? 1

(A) नीला (B) सफेद
(C) हरा (D) बैंगनी

9. बिना ब्रश की सहायता से कौन सा रंग लगाया जाता है? 1

(A) जलरंग (B) तैलरंग
(C) पेस्टल (D) इनमें से कोई नहीं

10. किस ब्रश की सहायता से सबसे पतली लाइन खींची जा सकती है? 1

(A) एक नम्बर (B) दो नम्बर
(C) जीरो नम्बर (D) डबल जीरो नम्बर

11. लाल रंग में सफेद रंग मिलाने से कौन सा रंग बनता है? 1

(A) बैंगनी (B) गुलाबी
(C) नारंगी (D) काला

12. इन्द्रधनुष में रंग चक्र में प्रथम रंग कौन सा है? 1

(A) बैंगनी (B) पीला
(C) हरा (D) लाल

13. लाल रंग किस प्रकार का होता है? 1

(A) उष्ण (B) शीतल
(C) शीतोष्ण (D) इनमें से कोई नहीं

14. कौन सा रंग सबसे पारदर्शी होता है? 1

(A) जलरंग (B) पेन्सिल रंग
(C) ऑयल रंग (D) पेस्टल रंग

15. रंगों के सम्बन्ध में सही व्यक्ति है– 1

(A) रदर फोर्ड (B) ओस्टवाल्ड
(C) जेम्स (D) इनमें से कोई नहीं

16. द्वितीयक रंग किस प्रकार प्राप्त किये जाते हैं? 1

(A) एक प्राथमिक और एक द्वितीयक के मिश्रण से
(B) दो प्राथमिक रंगों के मिश्रण से
(C) (A) और (B) दोनों

(D) इनमें से कोई नहीं

17. अलसी के तेल का प्रयोग किया जाता है– 1

(A) जलरंग (B) पेस्टल रंग

(C) तैलरंग (D) इनमें से कोई नहीं

18. ईजल का प्रयोग किया जाता है– 1

(A) चित्रकारी में (B) मूर्तिकला में

(C) वास्तुकला में (D) इनमें से सभी में

19. शीघ्रता से किया गया रेखांकन कहलाता है? 1

(A) पोर्ट्रेट (B) आलेखन

(C) स्केच (D) इनमें से कोई नहीं

20. नीला रंग और लाल रंग मिलाने से प्राप्त होता है? 1

(A) हरा (B) बैंगनी

(C) पीला (D) इनमें से कोई नहीं

अथवा

## प्राविधिक कला

निम्नलिखित प्रत्येक बहुविकल्पीय प्रश्नों के चार विकल्पों में से एक सही उत्तर चुनिए– 1×20=20 अंक

1. क्षेत्रफल को किस इकाई में लिखा जाता है? 1

(A) मीटर (B) सेन्टीमीटर

(C) घनमीटर (D) वर्गमीटर

2. वृत्त की परिधि के आंशिक भाग को कहते हैं– 1

(A) चाप (B) व्यास

(C) त्रिज्या (D) इनमें से कोई नहीं

3. आयत का क्षेत्रफल होता है– 1

(A) आधार×ऊँचाई (B) लम्ब×केन्द्र

(C) केन्द्र×परिधि (D) इनमें से कोई नहीं

4. सम्बाहु त्रिभुज की भुजाएँ होती है– 1

(A) सभी बराबर (B) दो बराबर

(C) सभी अलग–अलग (D) इनमें से कोई नहीं

5. दो बिन्दुओं को मिलाने से निर्माण होता है– 1

(A) रेखा (B) वृत्त

(C) (A) तथा (B) दोनों (D) इनमें से कोई नहीं

6. समकोण कितने अंग का होता है? 1

(A) 60° (B) 90°

(C) 150° (D) 80°

7. 1 मीटर में कितने सेन्टीमीटर होते हैं? 1

(A) 10 सेमी0 (B) 100 सेमी0

(C) 1000 सेमी0 (D) 10000 सेमी0

8. 60° के प्रत्येक कोणों से बने त्रिभुज को कहते हैं– 1

(A) विषमबाहु (B) समद्विबाहु

(C) समकोण त्रिभुज (D) समबाहु त्रिभुज

9. निम्न में से कौन सा अधिक कोण नहीं हैं? 1

(A) 180° (B) 100°

(C) 50° (D) 170°

10. किसी वृत्त के केन्द्र पर कोण बनता है? 1

(A) 180° (B) 360°

(C) 720° (D) 90°

11. एक वृत्त में अधिकतम कितने केन्द्र होते हैं? 1

(A) एक (B) दो

(C) चार (D) तीन

12. निम्न में से न्यून कोण है? 1

(A) 90° (B) 180°

(C) 45° (D) 360°

13. चार रेखाओं से घिरी आकृति कहलाती है– 1

(A) आयत (B) चतुर्भुज

(C) वर्ग (D) उपरोक्त सभी

14. किसी सम्पूर्ण कोण का अंश होता है? 1

(A) 90° (B) 45°

(C) 180° (D) 360°

15. ओस्टवाल्ड रंग चक्रमें कुल कितने रंग होते हैं? 1

(A) 2 (B) 4

(C) 6 (D) 8

16. व्यास त्रिज्या से कितना गुना ज्यादा होता है? 1

(A) दो गुना (B) चार गुना

(C) तीन गुना (D) पाँच गुना

17. किसी वृत्त का केन्द्र सबसे बड़ी जीवा (व्यास) को बाँटता है– 1

(A) 1:2 के अनुपात में (B) 2:3 के अनुपात में



(C) दो समान भागों में (D) दो असमान भागों में



18. 180° के कोण को क्या कहते हैं? 1

(A) सरल कोण (B) समकोण

(C) अधिक कोण (D) इनमें से कोई नहीं

19. इनमें से कौन सा आकार वृत्ताकार है? 1

(A)  (B) 

(C)  (D) 

20. वर्ग का प्रत्येक कोण कितने अंश का होता है? 1

(A) 45° (B) 180°

(C) 90° (D) 60°

## खण्ड–ख

खण्ड–'ख' के 'प्राकृतिक दृश्य–चित्रण' अथवा 'आलेखन कला' अथवा 'प्राविधिक कला' में से केवल एक का ही चित्रण करना है।

### (प्राकृतिक दृश्य–चित्रण) 30 अंक

1. (अ) दिये गये ड्राइंग शीट पर 20×25 सेमी0 के आयत में सूर्यास्त का दृश्य–चित्रण कीजिए। जिसमें नदी, पहाड़, वृक्षों तथा पहाड़ी झोपड़ियों आदि का चित्र बनाइए। चित्रांकन में वाटर कलर या पेस्टल रंग का प्रयोग करें।

चित्रांकन करते समय निम्नलिखित पर ध्यान दीजिए–

(A) सही रेखांकन एवं परिप्रेक्ष्य –10 अंक

(B) सौम्य एवं उपयुक्त रंगों का प्रयोग –5 अंक

(C) सही तथा उपयुक्त संयोजन –10 अंक

(D) वातावरण का सही दृश्यांकन –5 अंक

**अथवा**

### (आलेखन)

(ब) 8 सेमी0 के व्यास के वृत्त में एक आकर्षक आलेखन की रचना करें जो गुलाब फूल, पत्ती, कली व मछली के संयोजन के साथ हो। आलेखन में मछली का लयपूर्ण संयोजन हो तथा रंग योजना उत्तम हो। किन्हीं तीन जल रंगों से इसे पूर्ण कीजिए।

(A) इकाई की मौलिकता –10 अंक

(B) लयात्मक रेखांकन –5 अंक

(C) उत्तम रंग संगति –10 अंक

(D) सामान्य प्रभाव व आकर्षण –5 अंक

**अथवा**

### (प्राविधिक कला)

(स) नोटः–

I. निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर दीजिए। सभी प्रश्नों के अंक समान है।

II. रचना रचनात्मक रेखाएँ न मिटाएँ।

III. प्रत्येक रचना में निर्दिष्ट रेखाएँ, रचनात्मक रेखाएँ एवं अभीष्ट रेखाँ स्पष्ट दिखाएँ।

IV. रफ कार्य श्वेत फुल स्केप पेपर पर कीजिए। इसे भी अपने उत्तर पत्रक के साथ संलग्न कर दीजिए।

(A) एक 5 सेमी0 भुजा के वर्ग के अन्तर्गत बड़े से बड़ा अर्थवृत खींचिए।

(B) 3.5 सेमी0 भुजा के समषटभुज के अन्तर्गत एक वर्ग क ख ग घ की रचना करें।

(C) एक आयत जिसका आधार 4.5 सेमी0, चौड़ाई 3 सेमी0 है, के क्षेत्रफल के बराबर एक वर्ग की रचना करें।

(D) एक समबाहु त्रिभुज के क्षेत्रफल के बराबर एक वर्ग की रचना कीजिए।

(E) एक मापनी खींचिए जिसमें 4 सेमी0 1 मीटर की दूरी प्रदर्शित करती है एवं जिसमें मीटर एवं डेसीमीटर पढ़े जा सके। मापनी का निरूपक भिन्न ज्ञात कीजिए। मापनी पर 4 मीटर, 5 डेसीमीटर की दूरी प्रदर्शित की जा सके।

## खण्ड–ग

### (स्मृति–चित्रण)

इस प्रश्न के दो भाग हैं 'क' तथा 'ख' निर्देशानुसार दोनों ही भागों के चित्र बनाना अनिवार्य है।

10+10 अंक

(क) निम्नलिखित में से किसी एक का स्मृति–चित्रण प्रकाश तथा छाया दर्शाकर पेन्सिल के माध्यम से बनाइए। चित्र की माप 15 सेमी0 से कम न हो।

चित्र बनाते समय निम्नलिखित बिन्दुओं पर ध्यान दें–

I. रेखा सौष्ठव –4 अंक

II. आकृति की अनुरूपता –6 अंक

a) टेबल लैम्प
b) हजारा
c) फावड़ा
d) लोहे की आलमारी

(ख) निम्नलिखित में से किसी एक का स्मृति–चित्रण छाया प्रकाश दर्शाते हुए पेन्सिल द्वारा पूर्ण कीजिए। चित्र 15 सेमी0 से कम न हो।

a) दो पत्तियों सहित आम
b) प्लेट में रखा सेब
c) शलजम
d) बैंगन

अथवा

### (भारतीय चित्रकला) 20 अंक

2(क) "भारतीय चित्रकला रेखा प्रधान है" वर्णन कीजिए। 10 अंक

अथवा

अजंता में चित्रित जातक कथाओं का वर्णन कीजिए। 10 अंक

अथवा

प्रागैतिहासिक कालीन चित्रों का वर्णन कीजिए। 10 अंक

2(ख) निम्नलिखित प्रश्नों में चार विकल्प दिये गये हैं, सही विकल्प चुनकर क्रमवार लिखिए– 10 अंक

1. अजंता में कुल कितनी गुफाएँ हैं? 1
   (A) 25 (B) 32
   (C) 29 (D) 27
2. मुगलकाल के प्रसिद्ध चित्रकार थे– 1
   (A) रामसुन्दर (B) रामलाल
   (C) मंसूर (D) विशनदान
3. पंचमढ़ी की गुफाएँ किस प्रांत में है? 1
   (A) उत्तर प्रदेश (B) महाराष्ट्र
   (C) मध्य प्रदेश (D) गुजरात
4. उत्तर प्रदेश में प्रागैतिहासिक कालीन चित्र कहाँ पाये जाते है? 1
   (A) वाराणसी, सारनाथ (B) प्रयागराज, मिर्जापुर
   (C) मिर्जापुर, बाँदा (D) बाँदा, कौशाम्बी
5. मधुबनी पेन्टिग किस प्रांत की देन है? 1
   (A) मध्य प्रदेश (B) महाराष्ट्र
   (C) बिहार (D) केरल
6. अंजता की गुफाएँ किस राज्य में स्थित है? 1
   (A) मध्य प्रदेश (B) उत्तर प्रदेश
   (C) महाराष्ट्र (D) अरूणाचल प्रदेश
7. आदि मानव का प्रमुख केन्द्र कौन सा था? 1
   (A) गुंटूर (B) मिर्जापुर
   (C) बेल्लारी (D) पंचमढ़ी
8. प्रागैतिहासिक भारतीय चित्रकला किस सतह पर बनाई गई? 1
   (A) लकड़ी के पट्टों पर (B) वृक्ष की छालों पर
   (C) ताल पत्रों पर (D) चट्टानों पर
9. प्रथम बौद्ध मूर्ति कहाँ पायी गयी? 1
   (A) गांधार में (B) सारनाथ में
   (C) मथुरा में (D) लाहौर में
10. साढ़े चार इंच ऊँची कांस्य नर्तकी कहाँ से प्राप्त हुई? 1
    (A) मोहनजोदड़ो (B) हड़प्पा
    (C) विजयगढ़ (D) कालीबंगा